कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 19.09.2024

विषय:- थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा चोरी के वेल्डिंग मशीन व अन्य इलेक्ट्रिक सामान सहित चोर को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0197/2024, धारा- 305(A) B.N.S थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त सुनील राजभर पुत्र स्व0 सुबचन राजभर निवासी सहदोपुर, थाना बिरनो जनपद गाजीपुर उम्र 36 वर्ष को दिनांक- 18/09/2024 को डोम बस्ती के सामने टाटा कम्पनी के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण------- दिनांक- 17/09/2024 को वादी मुकदमा श्री गणेश सरोज पुत्र स्व0 मोहनलाल निवासी S23/9- 2 ढेलवरिया थाना जैतपुरा वाराणसी ने लिखित सूचना दिया कि दिनांक 16/09/2024 को कमलीबाबा मन्दिर चौकाघाट के पास स्थित गुमटी से वेल्डिंग मशीन, एक ग्रांडर मशीन, होल्डर लीड, स्क्रूड्राइवर मशीन किसी ने चोरी कर लिया है जिसके आधार पर दिनांक 17/09/2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 197/2024 धारा 305(A) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था

विवरण पूछताछ- सुनील राजभर पुत्र स्व0 सुबचन राजभर निवासी सहदोपुर, थाना बिरनो जनपद गाजीपुर उम्र 36 वर्ष के कब्जे से सफेद बोरे में लोहे के इलेक्ट्रिक सामान बरामद हुआ सामान के सम्बन्ध में पूछा गया तो गलती की माँफी माँगते हुए बताया कि मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गयी है यह सामान यही बगल के कुछ दूर एक गुमटी से दिनांक 16/09/2024 की रात्रि में ताला तोड़कर चोरी किया था। जिसे बगल की झाड़ी में छिपाकर रखा था जिसे बेचने के लिये आज मै मुगलसराय ले जा रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- सुनील राजभर पुत्र स्व0 सुबचन राजभर निवासी सहदोपुर, थाना बिरनो जनपद गाजीपुर उम्र 36 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक एवं स्थान– दिनांक- 18/09/2024 को डोम बस्ती के सामने टाटा कम्पनी के पास।

बरामदगी का विवरण–

1. बेल्डिंग मशीन M-16MMA/ARC-250 लाल कलर
2. ग्राइण्डर टेप लगा हुआ PA6-GF30 पीला रंग
3. बेल्डिंग मशीन BANSON कम्पनी का रंग लाल नीला
4. ड्रील मशीन ELEPHANT GOLD लाल व काला EP-10-LEP

<u>गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 श्री सुधीर कुमार त्रिपाठी, चौकी प्रभारी चौकाघाट, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 श्री कपिल देव यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. प्रशिक्षु उ0नि0 कमल सिंह, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. हे0का0 देवेन्द्र पासवान, फैण्टम 26, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
5. हे0का0 प्रेमचन्द, फैण्टम 26,थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।